BONLON

B. C. Power Controls Ltd.
An ISO 9001: 2008, OHSAS 18001: 2004, ISO 14001:2004
Manufacturer/Importer/Exporter of all types of wires & cables
CIN : L31300DL2008PLC179414

**Dt: 16.11.2022**

To
BSE Ltd.
Regd. Office: 25th Floor,
P.J.Towers, Dalal Street,
Fort, Mumbai –400 001

**Ref:** B.C. Power Controls Limited, Scrip Code-**537766,** ISIN No- **INE905P01028**
**Sub: Submission of Newspaper Publication of Financial Results for quarter ended September 30, 2022**

Dear Sir/ Madam,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith newspaper copies of Extract of Standalone Un-audited Financial Results of the Company for the Quarter ended 30th September 2022, published in following newspapers on 16th November 2022:

1. Financial Express (All Edition) – English
2. Jansatta (Delhi Edition)- Hindi

This is for your kind information and record please.

Yours Faithfully,

**For B.C. POWER CONTROLS LIMITED**

CHANDER SHEKHAR JAIN
Digitally signed by CHANDER SHEKHAR JAIN

**(CHANDER SHEKHAR JAIN)**
**MANAGING DIRECTOR**
**DIN: 08639491**

**Encl: As above**

**Regd. Office:** 7A/39, W.E.A. Channa Market, Karol Bagh, Delhi-110005, Phone : 011 - 4753 2792 - 95
Fax : + 91 - 11 - 4753 2798, Email : info@bonlongroup.com www.bonlongroup.com

# पूर्व सैनिक की घर में पीट-पीट कर हत्या, नाबालिग बेटा पकड़ा गया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 नवंबर।

### वारदात में शामिल बेटे के तीन अन्य बालिग साथी गिरफ्तार

सुभाष प्लेस थाना क्षेत्र में एक पूर्व सैनिक की घर के अंदर पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान रंजीत लाल (50) के तौर पर की गई। वारदात की जानकारी सोमवार को पुलिस को मिली थी। वारदात का आरोप पूर्व सैनिक के नाबालिग बेटे और उसके तीन साथियों पर लगा है। पुलिस ने आरोपी नाबालिग समेत चारों को पकड़ लिया है।

अन्य तीन आरोपी बालिग हैं, जिनकी पहचान शकूरपुर निवासी आदित्य उर्फ बद्दी (19), नितिन उर्फ ताने (32) और जितेश गुप्ता (42) के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि नाबालिग के पिता शराब पीकर उसकी मां और बहनों को बुरी तरह पीटते थे। इससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया।उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी ने मंगलवार को बताया कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे सुभाष प्लेस पुलिस को शकूरपुर में घर की चौथी मंजिल पर एक व्यक्ति की हत्या की सूचना मिली थी।

मौके पर पहुंची पुलिस को घर में करीब 50 साल के शख्स का शव पड़ा था। उसके मुंह व नाक से खून निकल रहा था। शरीर पर चोट के निशान थे। जगह-जगह खून के धब्बे मिले। मृतक की पहचान रंजीत लाल (50) के रूप में हुई। कमरे में मृतक की पत्नी और बच्चे मौजूद थे। पूछताछ में मृतक की पत्नी ने बताया कि वह पति से झगड़े के बाद बच्चों को लेकर चली गई थी।

आज सुबह 10 बजे पति उन्हें घर में मृत मिले। पुलिस ने जब परिजनों से पूछताछ की तो मृतक के बेटे की बात पर कुछ शक हुआ। सख्ती से पूछताछ के बाद उसने पुलिस को हत्या के बारे में बताया। पुलिस ने शव को शवगृह में भेजवा दिया और मामले की छानबीन कर सभी आरोपियों को पकड़ लिया।

# दिल्ली समेत अन्य राज्यों में बिजली दरें बढ़ने के आसार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 नवंबर।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने राज्यों के विद्युत विनियामक आयोगों को पत्र लिखकर कहा है कि बिजली कानून और नई दर नीति (रिवाइज्ड टैरिफ पालिसी) के प्रावधानों तथा एपटेल (एपिलेट ट्रिब्यूनल आफ इलेक्ट्रिसिटी) व सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का पालन करें।

मंत्रालय ने विद्युत नियामक आयोगों से स्पष्ट कहा है कि लागत के मुताबिक बिजली की दरें निर्धारित की जाएं। माना जा रहा है कि इसके बाद से दिल्ली में बिजली की दरों में बढ़ोतरी हो सकी है। पत्र में कहा गया है कि नई दरों में बदलाव किया जाए और बिजली वितरण संस्थाओं के बाकाए (रेगुलेटरी ऐसेट) का भुगतान को लंबे समय तक के लिए नहीं टाला जाए।

बिजली वितरण करने वाली कंपनी से मिली मंगलवार को जानकारी के मुताबिक पत्र में निर्देश दिया गया है कि बिजली एक्ट और नई दर नीति के प्रावधानों मुताबिक कोई नया बकाया नहीं खड़ा होना चाहिए और अगर पहले से ही डिस्काम का बकाया खड़ा है तो एक तय समय-सीमा के भीतर उसका भुगतान सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने अपने पत्र में एपटेल (एपिलेट ट्रिब्यूनल आफ इलेक्ट्रिसिटी) के आदेशों का हवाला देते हुए कहा है कि एआरआर यानी 'एनुअल रेवेन्यू रिक्वायरमेंट' दर के निर्धारण के समय कोई राजस्व शेष नहीं होना चाहिए और न ही कोई नया बकाया होना चाहिए, जिन मामलों में पहले से ही बकाया चला आ रहा है, उनमें समयबद्ध तरीके से बकाए का भुगतान किया जाना चाहिए।

# धनशोधन मामले में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को जमानत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 नवंबर ।

दिल्ली की एक अदालत ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को 'ठग' सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के धनशोधन मामले में मंगलवार को जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को यह राहत 50,000 रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की एक जमानत पर दी। न्यायाधीश ने 31 अगस्त को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर एक पूरक आरोपपत्र का संज्ञान लिया था और फर्नांडिज को अदालत में पेश होने के लिए कहा था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जांच के सिलसिले में फर्नांडीज को कई बार समन जारी किया। फर्नांडीज को पहली बार पूरक आरोपपत्र में एक आरोपी के तौर पर नामजद किया गया था। ईडी के पहले आरोपपत्र और एक पूरक आरोपपत्र में फर्नांडीज का आरोपी के तौर पर उल्लेख नहीं किया गया था। हालांकि, दस्तावेजों में फर्नांडिज और साथी अभिनेत्री नोरा फतेही द्वारा दर्ज कराए गए बयानों के विवरण का उल्लेख किया गया था।

इससे पहले दिल्ली की एक अदालत ने जैकलीन की जमानत याचिका पर शुक्रवार को अपना आदेश 15 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया था। साथ ही जैकलीन को गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा की मियाद भी इसी समय तक के लिए बढ़ा दी थी।

अदालत ने अभिनेत्री के साथ-साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने जिरह के दौरान दलील दी कि आरोपी जैकलीन आसानी से देश से भाग सकती हैं क्योंकि उनके पास पैसे की कमी नहीं है। इस पर अदालत ने सवाल किया था कि अभिनेत्री को अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। एजंसी ने अदालत को बताया कि उसने अभिनेत्री के खिलाफ हवाई अड्डों पर लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है ताकि वह देश छोड़कर नहीं जा सकें।मंगलवार को अदालत ने फैसला देकर जैकलीन की जमानत मंजूर कर ली।

### सीवर में मारे गए लोगों के परिजनों को क्षतिपूर्ति नहीं मिलने पर

# न्यायाधीश ने कहा, शर्म से सिर झुका

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 नवंबर।

इस साल सीवर में सफाई करने उतरे दो कर्मचारियों की मौत के बाद उनके परिवारों के प्रति दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के असहानुभूति रवैए पर खेद प्रकट करते हुए मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने कहा-मेरा सिर शर्म से झुक गया है। उच्च न्यायालय छह अक्तूबर के उसके आदेश का पालन नहीं किए जाने के लेकर अप्रसन्न था। उस आदेश में डीडीए को मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपए क्षतिपूर्ति के रूप में देने का निर्देश दिया गया था।

उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उसने अधिकारियों से मृतक के परिवारों को इस राशि का भुगतान करने को कहा था क्योंकि उन्होंने इस घटना में पीड़ित परिवारों ने आय अर्जित करने वाले अपने एकमात्र सदस्य को गंवा दिया था। डीडीए के उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता सुनवाई के दौरान मौजूद थे। बाहरी दिल्ली के मुंडका में नौ सितंबर को सीवर के अंदर जहरीली गैस से दम घुटने के कारण एक सफाईकर्मी एवं एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई थी। सीवर की सफाई करने उतरा सफाईकर्मी बेहोश हो गया था और जब उसे बचाने के लिए सुरक्षाकर्मी गया, वह भी बेहोश हो गया। इस तरह दोनों की मौत हो गई।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सतीशचंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने इस जनहित याचिका पर सुनवाई करते यह नाखुशी प्रकट की। मुख्य न्यायाधीश ने कहा-मेरा सिर शर्म से झुक गया। पीठ ने कहा- छह अक्तूबर से अब हम 15 नवंबर पर आ गए हैं। जब इस अदालत ने डीडीए को धनराशि का भुगतान करने का निर्देश दिया था तब ऐसा क्यों नहीं किया गया। सुनवाई के दौरान डीडीए के वकील और दिल्ली सरकार के वकील ने एक दूसरे को इसके लिए उत्तरदायी ठहराया।

# दिल्ली दंगों के दौरान पुलिसकर्मी की पिस्तौल लूटने और हमला करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 नवंबर।

दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ (स्पेशल सेल) ने उत्तरी पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के दौरान पुलिस टीम पर हमला करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक आरोपी ने घायल हेड कांस्टेबल की पिस्तौल भी लूट ली थी।

तीनों ही आरोपी कुख्यात इरफान उर्फ छेनू गैंग के शार्प शूटर हैं। इन तीनों पर सीएए (नागरिक संशोधन कानून) व एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक पंजी) के विरोध प्रदर्शनों के दौरान लोगों को पुलिस टीम पर हमला करने के लिए उकसाने का भी आरोप है।

पिस्तौल लूटने वाले गिरफ्तार शाहिद उर्फ शाहबाज के साथ ही पुलिस ने समीर उर्फ बाली उर्फ एके 47, सनौहल चौधरी उर्फ बावर्ची उर्फ आसिफ और शाहनवाज उर्फ सानू को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने दंगे के दौरान हेड कांस्टेबल छेत्रपाल से लूटी गई 09 एमएम की पिस्तौल, पांच कारतूस के अलावा पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए हैं।



**इरफान उर्फ छेनू गैंग के एक शार्प शूटर सुहैल चौधरी उर्फ बावर्ची उर्फ आसिफ, जो कि कई आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है। वह भजनपुरा थाने में दर्ज गोलीबारी के मामले का वांछित है। किसी अपराध को अंजाम देने के लिए शाहदरा इलाके में जाने वाला है।**

उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बताया कि पुलिस टीम सूचना मिली थी कि इरफान उर्फ छेनू गैंग के एक शार्प शूटर सुहैल चौधरी उर्फ बावर्ची उर्फ आसिफ, जो कि कई आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है।

वह भजनपुरा थाने में दर्ज गोलीबारी के मामले का वांछित है। किसी अपराध को अंजाम देने के लिए शाहदरा इलाके में जाने वाला है। सूचना पर इन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपने तीसरे साथी समीर उर्फ एके 47 के बारे में बताया, जो उनके साथ 26 अक्तूबर को भजनपुरा के गोलीबारी में शामिल था। गिरफ्तार किए गए शाहिद पिछले साल फरवरी 2020 दंगे के दौरान पिस्तौल लूट ली थी। इसके साथ ही शकरपुर में आरएसएस के दफ्तर और अमरोहा में भाजपा नेता के घर के बाहर गोलीबारी में शामिल रहा हे।

# 'कविता हमें बेहतर मनुष्य बनाती है'

जनसत्ता संवादाता
नई दिल्ली, 15 नवंबर।

संचेतना संस्था की अगुआई में सर पीसी बनर्जी छात्रावास में साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। संतोष चतुर्वेदी ने कहा कि राकेशरेणु की कविताओं में जीवन की विडंबना का मार्मिक चित्रण हुआ है। राकेशरेणु ने कहा कि कविता हमें बेहतर मनुष्य बनाती है। उन्होंने अपनी कुछ चुनिंदा कविताओं का पाठ भी किया। सुनील विक्रम सिंह ने संचेतना और उससे जुड़े पुरस्कार का परिचय दिया। महेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि राकेशरेणु के नए संग्रह 'नए मगध में' की कविताएं विचारोत्तेजक हैं। प्रियदर्शन मालवीय ने उनकी कविताओं को वैचारिक ऊर्जा से ओतप्रोत बताया। प्रकाश मिश्र ने कहा कि राकेशरेणु की कविताएं एक बड़ा स्पेस मुहैया कराती हैं।


## बी.सी. पावर कंट्रोल्स लिमिटेड

सीआईएन : L31300DL2008PLC179414
पंजी. कार्यालय : 7ए/39, डब्ल्यूईए चानना मार्केट, करोल बाग, नई दिल्ली-110005
वेबसाइट : www.bcpowercontrols.com, ई-मेल : info@bonlongroup.com, फोन : 011-47532792-95, फैक्स : 011-47532798

30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु पृथक्कृत अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(₹ लाख में, सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र.सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30-09-2022 (अलेखापरीक्षित) | पूर्व वर्ष समाप्त 31-03-2022 (लेखापरीक्षित) | पूर्व वर्ष की संगत तिमाही समाप्त 30-09-2021 (अलेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 274.58 | 10,640.61 | 4,263.02 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 39.49 | 179.90 | (3.58) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 39.49 | 179.90 | (3.58) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 29.51 | 157.06 | (2.79) |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 29.51 | 157.06 | (2.79) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1,176.00 | 1,176.00 | 1,176.00 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है | | | 2126.93 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (₹ 10/- प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु)- (क) मूल (₹ में) : | (0.005) | 0.07 | (0.05) |
| | (ख) तनुकृत (₹ में) : | (0.005) | 0.07 | (0.05) |

नोट्स : उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्जेज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.bcpowercontrols.com पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल वास्ते
बी.सी. पावर कंट्रोल्स लिमिटेड
हस्ता./-
चन्द्र शेखर जैन
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 08639491

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 14-11-2022






## 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों का सार

(₹ करोड़ में, अगर अन्यथा उल्लेख नहीं किया गया)

| क्रम. सं. | विवरण | स्टैंडएलोन 30.09.2022 को समाप्त तिमाही लेखापरीक्षा रहित | स्टैंडएलोन 30.09.2022 को अर्धवार्षिक लेखापरीक्षा रहित | स्टैंडएलोन 30.09.2021 को समाप्त तिमाही लेखापरीक्षा रहित | स्टैंडएलोन 30.09.2021 को अर्धवार्षिक लेखापरीक्षा रहित | स्टैंडएलोन 31.03.2022 को समाप्त वर्ष लेखापरीक्षा | समेकित 30.09.2022 को समाप्त तिमाही लेखापरीक्षा रहित | समेकित 30.09.2022 को अर्धवार्षिक लेखापरीक्षा रहित | समेकित 30.09.2021 को समाप्त तिमाही लेखापरीक्षा रहित | समेकित 30.09.2021 को अर्धवार्षिक लेखापरीक्षा रहित | समेकित 31.03.2022 को समाप्त वर्ष लेखापरीक्षा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 38,320.76 | 80,641.48 | 24,353.61 | 47,375.25 | 1,10,345.40 | 1,68,656.12 | 3,51,549.87 | 1,22,065.72 | 2,30,170.59 | 5,31,761.83 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, असाधारण मद) | 16,359.49 | 36,702.46 | 11,152.36 | 17,902.53 | 41,039.99 | 9,235.76 | 22,130.01 | 12,101.67 | 22,296.10 | 56,196.02 |
| 3 | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मद उपरांत) | 16,359.49 | 36,702.46 | 11,152.36 | 17,902.53 | 41,039.99 | 9,224.42 | 21,445.01 | 12,101.67 | 22,296.10 | 54,091.11 |
| 4 | कर उपरांत अवधि हेतु शुद्ध लाभ (हानि) (असाधारण मद उपरांत) | 12,825.99 | 28,031.84 | 18,347.73 | 22,682.48 | 40,305.74 | 6,830.16 | 15,410.91 | 18,749.16 | 25,595.95 | 49,294.06 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समग्र आय (अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर उपरांत) और अन्य समग्र आय (कर उपरांत) शामिल है) | 11,313.89 | 24,996.21 | 20,523.70 | 27,120.65 | 44,037.65 | 5,183.21 | 18,326.20 | 21,201.70 | 31,202.55 | 53,691.32 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (₹5/- प्रत्येक का अंकित मूल्य) | 6,290.14 | 6,290.14 | 6,290.14 | 6,290.14 | 6,290.14 | 6,290.14 | 6,290.14 | 6,290.14 | 6,290.14 | 6,290.14 |
| 7 | शुद्ध मूल्य | 258,055.67 | 2,58,055.67 | 2,29,351.82 | 2,29,351.82 | 2,37,148.09 | | | | | |
| 8 | प्रदत्त (चुकता) ऋण पूंजी/बकाया ऋण | 9,821.85 | 9,821.85 | 7,896.83 | 7,896.83 | 6,396.90 | | | | | |
| 9 | अन्य इक्विटी | 2,51,765.53 | 2,51,765.53 | 2,23,061.68 | 2,23,061.68 | 2,30,857.95 | | | | | 2,53,212.77 |
| 10 | डिबेंचर रिडेम्पशन रिजर्व | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | | | | | |
| 11 | प्रति शेयर आय (₹5/- प्रत्येक का अंकित मूल्य) - गैर वार्षिक (क) मूल (₹) | 10.20 | 22.28 | 14.58 | 18.03 | 32.04 | 6.60 | 16.09 | 14.35 | 19.11 | 36.19 |
| | (ख) विलयित (डाइल्यूटेड) (₹) | 10.20 | 22.28 | 14.58 | 18.03 | 32.04 | 6.60 | 16.09 | 14.35 | 19.11 | 36.19 |
| 12 | ऋण इक्विटी अनुपात | 0.04 | 0.04 | 0.03 | 0.03 | 0.03 | | | | | |
| 13 | ऋण सेवा कवरेज अनुपात | 225.54 | 257.31 | 159.20 | 115.09 | 142.18 | | | | | |
| 14 | ब्याज सेवा कवरेज अनुपात | 225.54 | 257.31 | 159.20 | 115.09 | 142.18 | | | | | |

टिप्पणियाँ
1) उपर्युक्त परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013, की धारा 133 के अधीन निर्धारित भारतीय लेखांकन मानकों (इंड-एएस) एवं इसके अंतर्गत जारी संबंधित और साधारणतया भारत में स्वीकृत अन्य लेखा सिद्धांतों के अनुसार है।
2) उपर्युक्त विवरण सेबी (सूचीयन एवं अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 एवं 52 के अधीन स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल किए गए 30.09.2022 को समाप्त तिमाही और अर्धवार्षिक के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। 30.09.2022 को समाप्त तिमाही और अर्धवार्षिक के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट, बीएसई (www.bseindia.com), एनएसई (www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.ongcindia.com) पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
(पौमिला जसपाल)
निदेशक (वित्त)

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 14 नवंबर 2022

ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड

ओएनजीसी ग्रुप की कंपनियाँ
सहायक कंपनी — संयुक्त उद्यम — सहयोगी कंपनी
सीआईएन नं.: L74899DL1993GOI054155, पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 5ए-5बी, नेल्सन मंडेला रोड, वसंत कुंज नई दिल्ली-110070
दूरभाष: 011-26754002, फैक्स: 011-26129091, ई-मेल: secretariat@ongc.co.in
www.ongcindia.com /ONGCLimited @ONGC_ Linkedin /company/ONGC Youtube: ONGC Ltd Instagram/ongcofficial @ONGC_


# नियुक्तियां


इंडियन बैंक Indian Bank
(भारत सरकार का उपक्रम)
कॉर्पोरेट कार्यालय, 254 - 260, अव्वै षण्मुगम सालै,रायपेट्टा, चेन्नै - 600014




| | |
|---|---|
| पद का नाम | मुख्य डिजिटल अधिकारी |
| नियुक्ति की अवधि | 3 वर्ष की निर्धारित संविदा अवधि |
| आवेदन का माध्यम | बैंक की वेबसाइट www.indianbank.in के केरियर पेज पर अपलोड किए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार ऑफलाइन आवेदन। |
| आयु | 01.07.2022 को न्युनतम आयु-35 वर्ष एवं अधिकतम आयु- 55 वर्ष |
| आवेदन शुल्क | ₹ 1000/- (कर सहित) |
| आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि | 25.11.2022 |
| पात्रता मानदंड और अनुभव | पूरी जानकारी के लिए कृपया www.indianbank.in के करियर पेज पर जाएं। |

स्थान: चेन्नै
महाप्रबंधक (सीडीओ)


www.readwhere.com